भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1200
उत्तर देने की तारीखः 23 मार्च, 2012

भारतीय प्रबंधन संस्थानों के निष्पादन की समीक्षा

1200. डॉ॰ के॰ पी॰ रामालिंगमः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रमुख 'इंडियन बिजनेसस्कूलों' तथा भारतीय प्रबंधन संस्थानों को विदेशी छात्रों को आकर्षित करने हेतु अपनी शैक्षिक गुणवत्ता का प्रदर्शन करने के लिए अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या सरकार ने भारतीय प्रबंधन संस्थानों के कार्यकरण को सुप्रवाही बनाने के प्रयास में प्रत्येक वर्ष उनके कार्यनिष्पादन की समीक्षा करने का भी निर्णय लिया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क): जी, हां। भारतीय प्रबंधन संस्थानों के संबंध में, यह निर्णय लिया गया है कि भारतीय प्रबंधन संस्थानों में विदेशी छात्रों को दाखिला देने हेतु विश्व भर में रोड–शो आयोजित किए जाएं।

(ख) तथा (ग): भारतीय प्रबंधन संस्थानों को तीन वर्ष में एक बार अपने कार्य–निष्पादन की बाह्य समकक्ष संस्थाओं से समीक्षा कराने का सुझाव दिया गया है।

***